# समाहरणालय, मुंगेर
## (जिला खेल कार्यालय)

पत्रांक................/जि0खे0, दिनांक ..................

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
मुंगेर।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :- एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र बॉक्सिंग (बालक) खेल प्रशिक्षण केन्द्र मुंगेर में संचालित किये जा रहे आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र में पका हुआ नाश्ता एवं भोजन बनाने हेतु रसोईया एवं सहायक रसोईया के चयन हेतु आम सूचना/विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र इण्डोर स्टेडियम, मुंगेर बॉक्सिंग (बालक) खेल प्रशिक्षण केन्द्र मुंगेर में संचालित किये जा रहे आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र में पका हुआ नाश्ता एवं भोजन बनाने हेतु रसोईया एवं सहायक रसोईया के चयन किया जाना है। रसोईया एवं सहायक रसोईया के चयन संबंधित पात्रता की सूचना इस पत्र के साथ संलग्न कर भजी जा रही है।

अतः प्रारूप की दो प्रति (हार्ड कॉपी) एवं पेन ड्राईव में सॉफ्ट कॉपी संलग्न करते हुए अनुरोध है कि बिहार के तीन हिन्दी दैनिक प्रमुख समाचार पत्रों में यथाशीध्र प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

1. प्रारूप की दो छायाप्रति
2. पेन ड्राईव में सॉफ्ट कॉपी (एक)

विश्वासभाजन,
6Dr
जिला पदाधिकारी,
मुंगेर।

ज्ञापांक...290......./जि0खे0, दिनांक..19-10-2023

प्रतिलिपि :- जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, मुंगेर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि :- विशेष कार्य पदाधिकारी, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि :- सचिव, बिहार राज्य बॉक्सिंग (बालक) संघ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि :- निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण बिहार पटना को सादर सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि :- सभी जिला पदाधिकारी, बिहार राज्य को सादर सूचनार्थ समर्पित।

18/10/23
जिला पदाधिकारी,
मुंगेर।

# समाहरणालय, मुंगेर

## (जिला खेल कार्यालय)

### -:: अल्पकालीन आम सूचना ::-

मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र बॉक्सिंग का संचालन इण्डोर स्टेडियम, किला परिसर मुंगेर में किया जा रहा है जिसमें 20 प्रशिक्षु एवं 1 प्रशिक्षक आवासीत है। यह प्रशिक्षण एक वित्तीय वर्ष में 300 दिन संचालित किया जाना है। आवासीत प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षक को प्रतिदिन 2 समय नाश्ता एवं 2 समय भोजन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये मीनू के अनुसार उपलब्ध कराना है। उक्त मीनू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन बनाने हेतु रसोईया एवं सहायक रसोईया को मानदेय पर रखे जाने का प्रावधान है। एकलव्य राज्य आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र के मार्गदर्शिका 2018 के अनुसार रसोईया एवं सहायक रसोईया को क्रमशः 6,000/- रूपये एवं 3,000/- रूपये प्रतिमाह के मानदेय पर के आधार पर 11 माह तक के लिए चयन किया जाना है, चयन संबंधी विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | योग्यता | वांछित दक्षता | उम्र सीमा | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रसोईया | 01 | 8वॉ उत्तीर्ण | बच्चों के प्रति संवेदनशीलता | अधिकतम 18 से 45 वर्ष | रु 6000/- (छः हजार रूपये मात्र) |
| 2. | सहायक रसोईया | 01 | 8वॉ उत्तीर्ण | बच्चों के प्रति संवेदनशीलता | अधिकतम 18 से 45 वर्ष | रु 3000/- (तीन हजार रूपये मात्र) |

1. इच्छुक प्रतिभागी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए अपना आवेदन पत्र, बायोडाटा, अद्यतन फोटोग्राफ (आकार 3.5cmx4.5cm) योग्यता एवं अनुभव प्रमाण-पत्र की **स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ दिनांक 14.11.2023 को संध्या 05:00 बजे तक** निबंधित डाक से जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय (इन्डोर स्टेडियम, किला परिसर) मुंगेर पिन नं0-811201 को आवेदन कर सकते हैं। रसोईया एवं सहायक रसोईया हेतु अलग-अलग आवेदन पत्र देना होगा।

**रसोईया एवं सहायक रसोईया के अवेदन का प्रपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | | स्वअभिप्रमाणित फोटो लगावें |
| 2. | आवेदक का नाम | | |
| 3. | पिता का नाम | | |
| 4. | माता का नाम | | |
| 5. | जन्म तिथि | | |
| 6. | पत्राचार का पता | | |
| 7. | स्थायी पता | | |
| 8. | मोबाईल नं0 | | |
| 9. | इमेल आइडी | | |

| | शैक्षणिक योग्यता एवं बोर्ड/विश्वविद्यालय (प्राप्तांक एवं प्रतिशत सहित) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | विषय | प्राप्त अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत अंक | वर्ष | विद्यालय/महाविद्यालय का नाम |
| | मैट्रिक | | | | | |
| | इंटरमीडिएट | | | | | |
| | स्नातक | | | | | |
| | स्नातकोत्तर | | | | | |
| | अन्य शैक्षणिक योग्यता | | | | | |
| 11. | अनुभव (वर्ष एवं माह में) | | | | | |
| 12. | उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरी जानकारी में पूर्णतः सही है गलत होने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी मेरी होगी। जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण पत्र, शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक तथा अन्य प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न है। | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| स्थान | | आवेदक का पूरा हस्ताक्षर |
| दिनांक | | |

2. उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगें।
3. आवेदन का प्रारूप मुंगेर जिले के अधिकारिक वेबसाईट **https://munger.nic.in** पर उपलब्ध है।
4. आवेदन पत्र के साथ दो निबंधित डाक टिकट सटा लिफाफा संलग्न करना आवश्यक होगा। उनके बिना आगे सूचना नही दी जायेगी।
5. योग्यता एवं जन्म तिथि के आधार पर अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा। अभ्यर्थी मुंगेर जिला का स्थायी निवासी होना चाहिए। संबंधित प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा। चयन के उपरांत अभ्यर्थी को इन्डोर स्टेडियम के 3 कि0मी0 के दायरे में आवासीत होना होगा। आवासन हेतु किसी भी प्रकार की सुविध इन्डोर स्टेडियम में नहीं करायी जायेगी।
6. चयन अभ्यर्थियों के द्वारा प्राप्त शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य अनुभव के आधार पर किया जायेगा, जिसका विवरणी निम्नवत् है -

| क्र. | शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधित योग्यता | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1 | कक्षा 8 | 10 |
| 2 | मैट्रिक | 10 |
| 3 | उच्च माध्यमिक | 15 |
| 4 | स्नातक | 15 |
| 5 | स्नातकोत्तर | 20 |
| 6 | पद से संबंधित कोई व्यवसायिक पाठ्यक्रम | 10 |
| 7 | अनुभव | 20 |
| 7(क) | 3 साल से अधिक अनुभव | 20 |
| 7(ख) | 1 साल से 3 साल तक अनुभव | 10 |
| 7(ग) | 1 साल से कम अनुभव | 5 |
| कुल :- | | **100** |

- यदि दो अभ्यर्थियों का अंक बराबर होता है तो उम्र में वरीय अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
- इस संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

7. चयन समिति 5 अभ्यर्थियों की वरीयता एवं मेधासूची बनायेगी एवं इसे जिला के अधिकारिक वेबसाईट **https://munger.nic.in** पर प्रकाशित किया जायेगा।
8. सफल अनुशंसित अभ्यर्थी को 15 दिनों के अन्दर योगदान देना आवश्यक होगा।
9. अनुबंध पर नियोजित कर्मी सकरकारी सेवक नही माने जाएगें तथा सरकारी सुविधा का अधिकारी नही रहेगा। जिला नियोजन समिति कभी भी नियोजन समाप्त कर सकती है।
10. जिला नियोजन समिति, मुंगेर इस विज्ञापन को बिना कोई कारण बताये निरस्त कर सकती है।

*नोटः विस्तृत जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय (इन्डोर स्टेडियम, किला परिसर) मुंगेर से सम्पर्क किया जा सकता है।*

Eor
जिला पदाधिकारी,
मुंगेर।

ज्ञापांक...290........../जि0खे0, दिनांक...19-10-2023

प्रतिलिपि :- प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मुंगेर जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :- जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :- जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, मुंगेर सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि विभिन्न दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करेंगे।
प्रतिलिपिः- जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि मुंगेर जिला के वेवसाई पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।
प्रतिलिपि :- निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण बिहार पटना को सादर सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि :- सभी जिला पदाधिकारी, बिहार राज्य को सादर सूचनार्थ समर्पित।

18/10/23
जिला पदाधिकारी,
मुंगेर।